**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006


Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


**NEWS CLIPPING:22.08.2023**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में विज्ञान के छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

### ■ कौशल, नवाचार और अनुसंधान पर वि.वि का मुख्य फोकसः कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर



*दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और मुख्य अतिथि प्रो. जेपी यादव। (छाया: शिवम शर्मा)*

फरीदाबाद, 21 अगस्त (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के विज्ञान एवं जीव विज्ञान संकाय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विज्ञान पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले नये छात्रों के लिए दस दिवसीय प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। इस इंडक्शन प्रोग्राम का उद्देश्य नए छात्रों को विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली, अवसरों एवं संसाधनों से परिचित कराना है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में आज इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर के कुलपति प्रोफेसर जेपी यादव मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने की। इस अवसर पर डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर, साइंसेज एंड लाइफ साइंसेज की डीन प्रो. नीतू गुप्ता, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. मुनीष वशिष्ठ, फिजिक्स विभाग की अध्यक्षा डॉ. अनुराधा गुप्ता, केमिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार और लाइफ साइंसेज विभाग की अध्यक्ष डॉ. काकोली दत्त उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर यादव और प्रोफेसर तोमर द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से की गई। इसके उपरांत प्रो. नीतू गुप्ता ने अतिथियों तथा प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा का अवलोकन प्रस्तुत किया।

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने दाखिला लेने वाले नये छात्रों का स्वागत किया और उन्हें विश्वविद्यालय में विभिन्न शिक्षण-अध्ययन और अनुसंधान सुविधाओं से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की कौशल, नवाचार और शोध-उन्मुख शिक्षण-अध्ययन प्रणाली विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए छात्र-केंद्रित शिक्षा और जरूरी कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों को अनुशासित रहते हुए विश्वविद्यालय की सुविधाओं बेहतर उपयोग करने की सलाह दी।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:22.08.2023**

# NAVBHARAT TIMES

# यूनिवर्सिटी में 10 दिन का इंडक्शन प्रोग्राम शुरू



■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

**जेसी बोस** यूनिवर्सिटी के विज्ञान व जीव विज्ञान विभाग नए सत्र में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए 10 दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन कर रहा है। छात्र कल्याण विभाग की तरफ से हुए इस प्रोग्राम का उद्देश्य नए छात्रों को यूनिवर्सिटी की कार्य प्रणाली, अवसरों व संसाधनों से परिचित कराना है। सोमवार को प्रोग्राम का उद्घाटन किया गया। इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर के कुलपति प्रो. जेपी यादव मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता जेसी बोस यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. सुशील कुमार ने की। प्रो. नीतू गुप्ता ने अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। प्रो. सुशील कुमार ने छात्रों को विभिन्न शिक्षण-अध्ययन व रिसर्च सुविधाओं के बारे में बताया। मौके पर डॉ.अनुराधा गुप्ता, डॉ.रवि कुमार, डॉ.काकोली दत्त उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:22.08.2023**

# PIONEER

# कौशल, नवाचार और अनुसंधान पर विश्वविद्यालय का मुख्य फोकस : तोमर

## जेसी बोस विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञान के छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**जेसी** बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के विज्ञान एवं जीव विज्ञान संकाय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विज्ञान पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले नये छात्रों के लिए दस दिवसीय प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। इस इंडक्शन प्रोग्राम का उद्देश्य नए छात्रों को विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली, अवसरों एवं संसाधनों से परिचित कराना है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर के कुलपति प्रोफेसर जेपी यादव मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने की। इस अवसर पर डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर, साइंसेज एंड लाइफ साइंसेज की डीन प्रो. नीतू गुप्ता, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. मुनीष वशिष्ठ, फिजिक्स विभाग की अध्यक्षा डॉ. अनुराधा गुप्ता, केमिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार और लाइफ साइंसेज विभाग की अध्यक्ष डॉ. काकोली दत्त उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर यादव और प्रोफेसर तोमर द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन से की गई। इसके उपरांत प्रो. नीतू गुप्ता ने अतिथियों तथा प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा का अवलोकन प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने दाखिला लेने वाले नये छात्रों का स्वागत किया और उन्हें विश्वविद्यालय में विभिन्न शिक्षण-अध्ययन और अनुसंधान सुविधाओं से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की कौशल, नवाचार और शोध प्रणाली विकास में सहायक है।

**NEWS CLIPPING:22.08.2023**

# AAJ SAMAJ

## शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को अनुशासन और परिश्रम को अपनाना होगा: प्रो. जेपी यादव

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के विज्ञान एवं जीव विज्ञान संकाय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विज्ञान पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले नये छात्रों के लिए दस दिवसीय प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। इस इंडक्शन प्रोग्राम का उद्देश्य नए छात्रों को विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली, अवसरों एवं संभावनाओं से परिचित कराना है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में आज इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर के कुलपति प्रोफेसर जेपी यादव मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने की।

इस अवसर पर डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर, साइंसेज एंड लाइफ साइंसेज की डीन प्रो. नीतू गुप्ता, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. मुनीष वशिष्ठ, फिजिक्स विभाग की अध्यक्षा डॉ. अनुराधा शर्मा, केमिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार और लाइफ साइंसेज विभाग की अध्यक्ष डॉ. काकोली दत्त उपस्थित थे। कार्यक्रम



स्मृति भेंट प्रदान करते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर। आज समाज

की शुरुआत प्रोफेसर यादव और प्रोफेसर तोमर द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से की गई। इसके उपरांत प्रो. नीतू गुप्ता ने अतिथियों तथा प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा का अवलोकन प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने दाखिला लेने वाले नये छात्रों का स्वागत किया और उन्हें विश्वविद्यालय में विभिन्न शिक्षण-अध्ययन और अनुसंधान सुविधाओं से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की कौशल, नवाचार और शोध-उन्मुख शिक्षण-अध्ययन प्रणाली विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक है।

विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए छात्र-केंद्रित शिक्षा और जरूरी कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों को अनुशासित रहते हुए विश्वविद्यालय की सुविधाओं बेहतर उपयोग करने की सलाह दी। मुख्य अतिथि प्रोफेसर जेपी यादव ने अपने संबोधन में छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और परिश्रम को अपनाने के लिए प्रेरित किया। डीन (संस्थान) प्रोफेसर संदीप ग्रोवर ने ज्ञानवर्धक प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों को विश्वविद्यालय की समृद्ध विरासत और शैक्षणिक मूल्यों से परिचित कराया। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. मुनीष वशिष्ठ ने छात्रों को विभिन्न कल्याण गतिविधियों की जानकारी दी और उनसे समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए कल्याण गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। सत्र का समापन में प्रोफेसर अनुराधा शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इसके उपरांत संबंधित विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने विभा[illegible] विविध शैक्षणिक [illegible] अवसरों से परिचित [illegible]

**NEWS CLIPPING:22.08.2023**

## HINDUSTAN

# नए छात्रों को विश्वविद्यालय के संसाधनों से परिचित कराया

- दाखिला लेने वाले नए छात्रों का स्वागत किया
- विद्यार्थियों को अनुशासन के लिए प्रेरित किया

**फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं जीव विज्ञान संकाय विज्ञान पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले नए छात्रों के लिए दस दिवसीय प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। इस इंडक्शन प्रोग्राम का उद्देश्य नए छात्रों को विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली, अवसरों एवं संसाधनों से परिचित कराना है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सोमवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर के कुलपति प्रोफेसर जेपी यादव मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर यादव और प्रोफेसर तोमर द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन से की गई। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने दाखिला लेने वाले नए छात्रों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर जेपी यादव ने अपने संबोधन में छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और परिश्रम को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**NEWS CLIPPING:22.08.2023**

# DAINIK JAGRAN

## छात्रों को अनुसंधान के बारे में अवगत कराया

**वि., फरीदाबाद:** जेसी बोस विश्वविद्यालय में विज्ञान पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए 10 दिवसीय प्रेरणा कार्यक्रम हुआ। उद्घाटन सत्र में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कुलपति प्रोफेसर जेपी यादव मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर सुशील तोमर ने की। शुरुआत प्रोफेसर जेपी यादव और प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से की गई। कुलपति ने दाखिला लेने वाले नए छात्रों को विश्वविद्यालय में शिक्षण-अध्ययन और अनुसंधान सुविधाओं से परिचित कराया। जेपी यादव ने कहा कि छात्रों को शिक्षा के साथ अनुशासन व परिश्रम को अपनाने के लिए प्रेरित किया। डीन (संस्थान) प्रोफेसर संदीप ग्रोवर ने ज्ञानवर्धक प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों को परिचित कराया। साइंसेज एंड लाइफ साइंसेज की डीन प्रो.नीतू गुप्ता, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो.मुनीष वशिष्ठ, भौतिक विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डा.अनुराधा गुप्ता, रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डा.रवि कुमार और लाइफ साइंसेज विभाग की अध्यक्ष डा.काकोली दत्त उपस्थित रहीं।

**NEWS CLIPPING:22.08.2023**

# AMAR UJALA

## छात्रों के लिए 10 दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं जीव विज्ञान संकाय की ओर से नए छात्रों के लिए दस दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। इस दौरान छात्रों को विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली, अवसरों एवं संसाधनों के विषय में जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय (मीरपुर) के कुलपति प्रोफेसर जेपी यादव मौजूद रहे। जबकि इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने की। संवाद